संपादकीय

विश्वविद्यालय अपने संसाधन खुद जुटाएं

जब हर चीज और हर सेवा को कारोबार मान लिया गया है, तो विश्वविद्यालय प्रशासनों का यह सोचना बेज़ा नहीं है कि संपत्तियों का अधिक से अधिक मौद्रिक मूल्य प्राप्त किया जाए। उन संपत्तियां को भी जो मुफ्त में विश्वविद्यालयों को दी गई थीं।

अमेरिका में मशहूर विश्वविद्यालयों द्वारा अपनी जमीन या अन्य संपत्तियों को बेचने की खबरें कई वर्षों से चर्चित हैं। आज की कारोबारी भाषा में इन्हें संपत्ति को मोनेटाइज करना कहा जाता है। नव-उदारवादी दौर में जब हर चीज और हर सेवा को कारोबार मान लिया गया है, तो विश्वविद्यालय प्रशासनों का यह सोचना बेज़ा नहीं है कि संपत्तियों का अधिक से अधिक मौद्रिक मूल्य प्राप्त किया जाए। यह दीगर बात है कि कभी जब शिक्षा को सामाजिक जरूरत माना जाता था, तब सार्वजनिक स्वामित्व वाली संपत्तियां मुफ्त में या बेहद रियायती दरों पर विश्वविद्यालय को दी गई थीं। बहरहाल, अब यह ट्रेंड भारत पहुंच गया है। दिल्ली स्थित जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय (जेएनयू) अपनी दो संपत्तियों को बेचने की तैयारी में है। तर्क है कि विश्वविद्यालय गंभीर वित्तीय संकट में है। इसलिए विश्वविद्यालय ने अपनी दो संपत्तियों- गोमती गेस्ट हाउस और 35, फिरोज शाह रोड को बेचने की योजना बनाई है। इसके अलावा शिक्षा मंत्रालय को पत्र लिख कर जेएनयू ने अपनी संपत्तियों पर चल रहे 12 राष्ट्रीय संस्थानों का किराया मांगने का इरादा भी जताया है।

शिक्षक संगठनों ने उचित ही इस कथित वित्तीय संकट के लिए सरकारी नीति को जिम्मेदार ठहराया है। उनके मुताबिक जब मुद्रास्फीति के अनुपात में सरकार उच्च शिक्षा का बजट नहीं बढ़ा रही है, तो ऐसी स्थिति आनी ही है। गौरतलब है कि केंद्र पहले ही शोध अनुदान, लाइब्रेरी फंड आदि में कटौती कर चुका है। सवाल है कि इस नीति का क्या परिणाम होगा? जाहिर है, धीरे-धीरे यह सोच लागू कर दी जाएगी कि विश्वविद्यालय अपने संसाधन खुद जुटाएं। नतीजतन शिक्षा इतनी महंगी हो जाएगी कि वह आम परिवारों की पहुंच से बाहर हो जाएगी। मेडिकल, इंजीनियरिंग और अन्य तकनीकी शिक्षा के मामले में ऐसा पहले ही हो चुका है। अब सामान्य शिक्षा को भी सुविधा-संपन्न तबकों का विशेषाधिकार बनाया जा रहा है। इसका एक परिणाम यह भी होगा कि देश सामान्य परिवारों से आने वाली प्रतिभाओं की सेवा से वंचित हो जाएगा। इस सिलसिले में यह तथ्य सबको याद रखना चाहिए कि शिक्षा, शोध और विज्ञान में बिना सार्वजनिक बड़े निवेश के कोई समाज आगे नहीं बढ़ा है।

आरबीआई लाने जा रहा यूएलआई सिस्टम

अर्थव्यवस्था के महत्वपूर्ण सेक्टर को लोन देने का करेगा कार्य

बेंगलुरु

भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) राष्ट्रीय स्तर पर यूनिफाइड लेंडिंग इंटरफेस (यूएलआई) लॉन्च करने की तैयारी कर रहा है। यह यूपीआई की तरह ही होगा, जो कि अर्थव्यवस्था के महत्वपूर्ण सेक्टर जैसे कृषि और एमएसएमई को लोन देने का कार्य करेगा। आरबीआई गवर्नर शक्तिकांत दास की ओर से सोमवार को यह जानकारी दी गई। ग्लोबल क्रॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए दास ने कहा कि आरबीआई की ओर से पायलट प्रोजेक्ट को सफलतापूर्वक पूरा कर लिया गया है। अनुभव के आधार पर सही समय पर यूएलआई सिस्टम को लॉन्च किया जाएगा।

दास की ओर से कहा गया कि यूपीआई ने पूरे पेमेंट सिस्टम को बदल दिया है। ऐसी ही उम्मीद हम यूएलआई सिस्टम से कर रहे हैं। जेएएम-यूपीआई-यूएलआई भारत के डिजिटल इन्फ्रास्ट्रक्चर यात्रा में अहम भूमिका निभाने वाले हैं।

दास ने आगे कहा कि बैंकिंग सिस्टम में डिजिटलाइजेशन को आगे बढ़ाने के लिए आरबीआई की ओर से पिछले साल क्रेडिट देने के लिए एक पायलट प्रोजेक्ट को लॉन्च किया गया था। इसमें व्यक्ति की अनुमति के आधार पर डिजिटल इन्फॉरमेशन को उपलब्ध कराया जाता है, जिसमें कई राज्यों के जमीनों के रिकॉर्ड, मल्टीपल डेटा प्रोवाइडर्स से लोन देने वाली कंपनियों को डेटा उपलब्ध कराना शामिल है। इससे छोटे और ग्रामीण क्षेत्र के लोगों को लोन देने के समय में कमी आएगी।

उन्होंने आगे कहा कि यूएलआई आर्किटेक्ट में सामान्य और स्टैंडर्ड एपीआई है और इसमें विभिन्न स्रोतों से आने वाली जानकारी तक पहुंचने के लिए 'प्लग और प्ले' अप्रोच का इस्तेमाल किया गया है। इससे तकनीकी तौर पर काफी सारी खामियां दूर होती हैं और इससे आसानी से लोन लेने वाले व्यक्ति को बिना किसी लंबे प्रोसेस के लोन मिल जाता है। जनधन अकाउंट, आधार और मोबाइल फोन, जिसे जेएएम त्रिमूर्ति के रूप में जाना जाता है, यह भारत के डिजिटल इन्फ्रास्ट्रक्चर का आधार है। जेएएम के तहत की गई पहल के 67 प्रतिशत लाभार्थी ग्रामीण इलाकों से हैं और इनमें से 55 प्रतिशत से अधिक महिलाएं हैं।

भारतीय डेट मार्केट में विदेशी निवेशकों ने 2024 में किया 1 लाख करोड़ रुपए से ज्यादा का निवेश

मुंबई

विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों (एफपीआई) की ओर से भारतीय डेट मार्केट में अगस्त में अब तक 11,336 करोड़ रुपये का निवेश किया गया है। इसके साथ ही 2024 साल की शुरुआत से अब तक डेट मार्केट में विदेशी निवेश बढक़र एक लाख करोड़ के आंकड़े को पार कर गया है।

नेशनल सिक्योरिटी डिपॉजिटरी लिमिटेड (एनएसडीएल) के आंकड़े के मुताबिक, एफपीआई द्वारा 2024 की शुरुआत से अब तक भारतीय डेट मार्केट में 1,02,354 करोड़ रुपये का निवेश किया गया है। डेट मार्केट में अगस्त में अब तक 11,366 करोड़ रुपये, जुलाई में 22,363 करोड़ रुपये, जून में 14,955 करोड़ रुपये और मई में 8,760 करोड़ रुपये का विदेशी निवेश हुआ है।

विदेशी निवेशक डेट मार्केट में तो पैसे निवेश कर रहे हैं, लेकिन इक्विटी बाजारों से पैसा बाहर निकाल रहे हैं। एफपीआई अगस्त की शुरुआत से अब तक 16,305 करोड़ रुपये भारतीय इक्विटी बाजारों से निकाल चुके हैं। इसकी वजह येन कैरी ट्रेड, अमेरिकी में मंदी की आशंका और मध्य पूर्व में तनाव को माना जा रहा है।

हालांकि, 2024 की शुरुआत से अब तक विदेशी निवेशकों ने भारतीय इक्विटी बाजारों में कुल 19,261 करोड़ रुपये का शुद्ध निवेश किया है।

विदेशी निवेशकों की ओर से डेट मार्केट में बड़ी खरीदारी होने की वजह इस साल जून में जेपी मॉर्गन इमर्जिंग मार्केट बॉन्ड इंडेक्स में भारतीय बॉन्ड को शामिल करना है। जेपी मॉर्गन इमर्जिंग मार्केट्स बॉन्ड इंडेक्स में भारतीय बॉन्ड का वेटेज 10 प्रतिशत होगा। भारत के सरकारी बॉन्ड के वेटेज को धीरे-धीरे चरणबद्ध तरीके से 28 जून, 2024 से लेकर 31 मार्च, 2025 तक यानी 10 महीने में एक-एक प्रतिशत कर इस इंडेक्स में बढ़ाया जाएगा।

टी20 महिला क्रिकेट विश्व कप के लिए ऑस्ट्रेलिया की टीम का ऐलान

मेलबर्न। डार्सी ब्राउन पैर की चोट से उबर गई हैं और उन्हें 15 खिलाडिय़ों की आईसीसी महिला टी20 क्रिकेट विश्व कप टीम में शामिल किया गया है, जबकि अनुभवी स्पिनर जेस जोनासेन को टीम में जगह नहीं मिली है। टीम की कमान एलिसा हिली के हाथों में होगी। छह बार की चैंपियन ऑस्ट्रेलिया ने अक्टूबर में खेले जाने वाले इस मेगा इवेंट के लिए अपनी टीम की घोषणा की। बांग्लादेश में राजनीतिक उथल-पुथल और तख्तापलट के कारण महिला टी20 विश्व कप को लेकर भी काफी बवाल था। इस मेगा इवेंट की मेजबानी बांग्लादेश के पास थी। मगर, अब वेन्यू बदलकर यूएई कर दिया गया है। हालांकि, मेजबानी बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड (बीसीबी) के पास ही रहेगी। यह टूर्नामेंट यूएई के दो स्थानों – दुबई और शारजाह में 3 अक्टूबर से 20 अक्टूबर तक खेला जाएगा। पिछले साल लंबे समय तक कप्तान रहीं मेग लैनिंग के संन्यास लेने के बाद एलिसा हीली टीम की कमान संभालेंगी और ऑलराउंडर ताहलिया मैकग्रा को उप-कप्तान बनाया गया है।

सेबी की तरफ से कोई नया नोटिस नहीं, वार्षिक वित्तीय परिणामों में दी जा चुकी है जानकारी : पेटीएम

नई दिल्ली

पेटीएम की मूल कंपनी वन97 कम्युनिकेशंस ने कहा कि उसे भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) की ओर से कोई नया नोटिस नहीं मिला है। कंपनी ने अपने पिछले वार्षिक वित्तीय परिणामों में पहले ही इसका खुलासा कर दिया है।

पेटीएम ने कहा कि उसने इस मसले पर आरंभिक प्रतिक्रिया दे दी है, और सेबी के साथ नियमित रूप से संवाद कर इसके संबंध में आवश्यक रेप्रेज़ेंटेशन दे रहा है।

कंपनी ने आगे बताया कि उसने 31 मार्च 2024 को समाप्त तिमाही और वित्त वर्ष के साथ-साथ 30 जून 2024 को समाप्त तिमाही के लिए अपने वित्तीय परिणामों में सेबी के नोटिस से संबंधित प्रासंगिक खुलासे किए हैं।

कंपनी के प्रवक्ता ने कहा, कंपनी को मार्च 2024 को समाप्त तिमाही के दौरान नोटिस मिला, और उसने पहले ही आरंभिक प्रतिक्रिया के माध्यम से मामले को संबोधित कर लिया है।

पेटीएम ने कहा कि वह वर्तमान में इस मामले में सेबी से और जानकारी मांगने की प्रक्रिया में है।

कंपनी की ऑडिटर समीक्षा रिपोर्ट में कहा गया है कि प्रबंधन द्वारा प्राप्त एक स्वतंत्र कानूनी राय के आधार पर, कंपनी का मानना है कि वह संबंधित नियमों का अनुपालन कर रही है।

पेटीएम ने बीएसई को बताया कि वह इस मामले पर बाजार नियामक के साथ नियमित रूप से संवाद कर रही है।

बीएसई को दिये गये स्पष्टीकरण में कहा गया है, कंपनी (पेटीएम) भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) के साथ नियमित रूप से संवाद कर रही है और इस मामले में आवश्यक प्रतिनिधित्व कर रही है। तदनुसार, 30 जून 2024 और 31 मार्च 2024 को समाप्त पिछली तिमाहियों के वित्तीय परिणामों पर कोई प्रभाव नहीं पड़ेगा।

पहले कई रिपोर्टों में उल्लेख किया गया था कि सेबी ने नवंबर 2021 में कंपनी की आरंभिक सार्वजनिक पेशकश (आईपीओ) के दौरान तथ्यों को गलत तरीके से प्रस्तुत करने के आरोप में पेटीएम के संस्थापक और सीईओ विजय शेखर शर्मा और वन 97 कम्युनिकेशंस लिमिटेड के पूर्व बोर्ड सदस्यों को नये सिरे से कारण बताओ नोटिस जारी किए हैं।

राजनीति और बॉलीवुड में जाने को लेकर पूछे गए सवाल पर मनु भाकर ने दिया जवाब, बोली अब बस...

चरखी दादरी

ओलंपिक में दो कांस्य पदक जीतने वाली शूटर मनु भाकर के लिए उनके ननिहाल चरखी दादरी में सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस दौरान उनका भव्य स्वागत हुआ। मनु भाकर ने कहा कि इस सम्मान को वह ताउम्र याद रखेंगी।

उन्होंने कहा कि वह राजनीति में नहीं आएंगी, बल्कि ओलंपिक में गोल्ड जीतने के लिए मेहनत करेंगी। खेल पर ध्यान देते हुए ओलंपिक में गोल्ड पर निशाना लगाना ही उनका लक्ष्य है। मनु भाकर ने युवाओं से आह्वान किया कि वे पढ़ाई के साथ खेलों पर भी ध्यान दें और देश के लिए मेडल जीतने का टारगेट रखें। उन्होंने विनेश फोगाट मामले पर कहा कि विनेश की भावना फाइटर की तरह रही है, विनेश को सबक लेना चाहिए और मेडल जीतने के लिए फिर से मैदान में उतरना चाहिए।

सम्मान समारोह में पूर्व मंत्री सतपाल सांगवान, अंतरराष्ट्रीय रेसलर व भाजपा नेता बबीता फोगाट, पूर्व विधायक रणवीर मंडोला, पूर्व विधायक कर्नल रघुबीर छिल्लर सहित कई राजनेताओं ने मनु को सम्मानित किया। मनु भाकर ने कहा कि उनका ध्यान सिर्फ देश के लिए गोल्ड जीतने का है और वह अभी राजनीति नहीं करेंगी। उन्होंने कहा कि ब्रॉन्ज मेडल तक का सपना सुहाना रहा है, अब मेहनत के बूते गोल्ड जीतकर ही सपना पूरा करूंगी।

इससे पहले, रविवार को मनु भाकर ने अपने गांव गोरिया में पत्रकारों से बातचीत करते हुए कहा था कि वह बॉलीवुड में जाने की योजना नहीं बना रही हैं। उन्होंने कहा कि अभी उनका पूरा ध्यान खेल पर है और वह एक्टिंग के बारे में नहीं सोच रही हैं। उन्होंने स्पष्ट किया कि फिलहाल उनका कोई इरादा बॉलीवुड में जाने का नहीं है और वह अपने खेल पर फोकस करेंगी।

बता दें कि मनु भाकर ने पेरिस ओलंपिक 2024 में 10 मीटर एयर पिस्टल और 10 मीटर मिक्सड डबल्स में कांस्य पदक जीतकर इतिहास रचा है। एक ही ओलंपिक में दो पदक जीतने वाली वह पहली भारतीय एथलीट हैं। उन्होंने 10 मीटर एयर पिस्टल फाइनल में 221.7 का स्कोर बनाकर तीसरा स्थान हासिल किया था। मनु भाकर ने ओलंपिक पदक जीतने वाली पहली भारतीय महिला निशानेबाज बनने का गौरव हासिल किया है।

महाराजा ट्रॉफी टी20 : चेतन की बदौलत बेंगलुरु ब्लास्टर्स ने मैसूर वॉरियर्स के खिलाफ दर्ज की 56 रनों की जीत

बेंगलुरु

बेंगलुरु ब्लास्टर्स ने महाराजा ट्रॉफी केएससीए टी20 में मैसूर वॉरियर्स को 56 रनों से हराकर लगातार तीसरी और टूर्नामेंट में अपनी पांचवीं जीत दर्ज की। चेतन एलआर ने एम चिन्नास्वामी स्टेडियम में केवल 53 गेंदों में 88 रनों की धमाकेदार पारी खेलकर बेंगलुरु ब्लास्टर्स को 189/7 के स्कोर तक पहुंचाया। इसके बाद शुभांग हेज (3/28) की अगुवाई में बेंगलुरु ने शानदार गेंदबाजी प्रदर्शन किया। मैसूर वॉरियर्स को चौथी हार का सामना करना पड़ा।

इम्पैक्ट प्लेयर कार्तिक एसयू (26) ने मैसूर के रन चेज की शुरुआत कई बाउंड्री लगाकर की। कार्तिक ने पहले ओवर में संतोक सिंह को एक छक्का और एक चौका लगाया, इसके बाद तीसरे ओवर में दो छक्के और एक चौका लगाया। लेकिन शुभांग हेगड़े के पहले ओवर में शिखर शेट्टी के शानदार कैच ने कार्तिक के आक्रामक खेल को पटरी से उतार दिया।

बाएं हाथ के तेज गेंदबाज लविश कौशल ने छठे और आठवें ओवर में कार्तिक (17) और करुण नायर (13) के महत्वपूर्ण विकेट चटकाए। इस बीच, समित द्रविड़ (5) को क्रांति कुमार ने आउट कर दिया, जिससे मैसूर वॉरियर्स का स्कोर 7.3 ओवर में 65/4 हो गया।

हर्शिल धर्मानी (20) और जे सुचित (16) ने कुछ समय के लिए पारी को संभाला और 36 रनों की साझेदारी बनाई। हालांकि, अनिरुद्ध जोशी ने 12वें ओवर में धर्मानी और मनोज भांडगे (0) को आउट करके मैसूर की वापसी को रोक दिया।

मैसूर की जीत की संभावनाएं तब और कम हो गईं जब जे सुचित भी चलते बने, जिससे मैसूर का स्कोर 12.4 ओवर में 104/7 हो गया।

सुमित कुमार (18*) अंत तक नाबाद रहे, लेकिन पुछल्ले बल्लेबाज जल्दी आउट हो गए। क्रांति कुमार ने गौतम सागर (7) और दीपक देवाडिगा (0) के विकेट लिए, जबकि शुभांग हेगड़े ने के. गौतम (3) को आउट किया। नतीजतन, मैसूर वॉरियर्स 17.5 ओवर में 133 रन पर आउट हो गए।

राजपाल यादव की फिल्म पड़ गए पंगे का ट्रेलर आउट, फन्नी डायलॉग और कॉमेडी से है भरपूर

कॉमेडी फ़िल्म पड़ गए पंगे का बेहद फन्नी और एंटरटेनिंग ट्रेलर आउट कर दिया गया है जो सोशल मीडिया पर काफी लाइक किया जा रहा है। ट्रेलर में हम राजपाल यादव, राजेश शर्मा और पंचायत फ़ेम फ़ैसल मलिक के साथ ही इस फ़िल्म से डेब्यू कर रहे समर्पण सिंह और राजेश यादव को फनी रूप में देख सकते हैं। ट्रेलर की शुरुआत होती हैं बेहद नाटकीय संवाद के साथ तरीके से समर्पण सिंह कहते हैं अलविदा ए ज़िंदगी और राजेश शर्मा कहते हैं हे ईश्वर मरणोपरांत हेम अपने श्री चरणों में स्थान दे देना। राजेश शर्मा और समर्पण सिंह आत्महत्या के लिए

काउंटडाउन रुक जाता हैं जब राजेश शर्मा बताते हैं की 3 बजे आत्महत्या ठीक नहीं यह भूत प्रेत का समय होता हैं आत्मा सालों साल भटकती रहेगी कल मर लेते हैं।

ट्रेलर के दूसरे हिस्से में आयुष (समर्पण सिंह) का इंट्रो सीन में शादी तय हो रही हैं और उनकी गर्लफ्रेंड हनीमून का वेन्यू के बारे में पूछ रही हैं तो उनके टीचर शास्त्री जी (राजेश शर्मा) का इंट्रो है की मोहल्ले में उनकी बहुत इज्जत हैं लेकिन घर में नहीं हैं फिर आते है जग्गू (राजेश यादव) आते हैं जो ख़ुद को मनी एडवाइजर बताते हुए एक दिन में पैसा डबल करने की गारंटी देते हैं।

ट्रेलर के अगले हिस्से में डॉक्टर आयुष और शास्त्री जी को बेहद ही अलग किस्म के कैंसर की बीमारी होने की बात बताते हुए 30 से 40 का खर्च बताया लेकिन यह 40 हज़ार नहीं बल्कि लाख हैं बहुत ही एंटरटेनिंग तरीके से ट्रेलर में यह सीन हँसाता हैं फिर राजपाल यादव आते हैं बोलते है यह सुनकर बहुत दुख हुआ।

कंगना रनौत की इमरजेंसी का पहला गाना सिंहासन खाली करो जारी, आपातकाल के खिलाफ आवाज उठाता दिख रहा विपक्ष

कंगना रनौत स्टारर पॉलिटिकल ड्रामा फिल्म इमरजेंसी का पहला गाना सिंहासन खाली करो रिलीज हो गया है. हाल ही में सॉन्ग सिंहासन खाली करो का टीजर जारी कर इसकी रिलीज डेट का एलान किया गया था. सिंहासन खाली करो में फिल्म इमरजेंसी की पूरी स्टारकास्ट नजर आ रही है. सिंहासन खाली करो सॉन्ग एक जज्बे और जोश से भरा गाना है. सिंहासन खाली करो गाना फिल्म की रिलीज से 10 दिन पहले रिलीज हुआ है.

सॉन्ग सिंहासन खाली करो को उदित नायाराण, नकाश अजीज, नकुल अभयंकर ने मिलकर गाया है. सिंहासन खाली करो गाने के बोल मनोज मुंतशिर ने लिखे हैं. गाने को जीवी प्रकाश कुमार ने कंपोज किया है. गाने में कंगना रनौत, अनुपम खेर, श्रेयस तलपड़े, दिवंगत एक्टर सतीश कौशिक भी नजर आ रहे हैं.

आज का राशिफल

मेष: आज का दिन आपके लिए सुनहरा रहने वाला है। आप माता-पिता के साथ धार्मिक स्थल पर जायेंगे। घर में नए मेहमान के आने की संभावना है, जिससे परिवार का माहौल खुशनुमा बन जायेगा।

वृष: आज का दिन आपके लिए खुशियाँ लेकर आया है। इस राशि के स्टूडेंट्स का दिन राहत भरा होगा नया शेड्यूल बनाने का भी विचार कर सकते हैं। आज आप किसी व्यक्ति की मदद करेंगे, आपको ऐसा कर के अच्छा लगेगा।

मिथुन: आज का दिन आपके लिए ठीक-ठाक रहने वाला है। कार्यक्षेत्र में आ रही रुकावटों का रास्ता आज ढूंढ लेंगे। आप अपनी ऊर्जा को अच्छे कामों में लगायेंगे। आज आपको परिवार के किसी सदस्य की सेहत को लेकर चिंता रहेगी।

कर्क: आज आपका दिन आपके लिए खुशियों की नई सौगात लाया है। जीवनसाथी की बेहतर सलाह से आपको पैसे कमाने का नया जरिया प्राप्त होगा। आज अपनी काबिलियत पर भरोसा रखकर आगे बढ़ेगे तो भविष्य में आपकी सफलता के अवसर बढ़ जायेंगे।

सिंह: आज का दिन आपके लिए फेवरेबल रहने वाला है। आज कोई बड़ा और अलग काम करने की सोच सकते हैं। आज आपका दिन भक्तिमय रहेगा। आज के दिन आपके लिए कमियों से सीख लेकर आगे बढऩे का है।

कन्या: आज का दिन आपको रोजगार के नए अवसर प्राप्त होंगे। आज आप का दिन नई उमंगो के साथ शुरू होने वाला है। आज यात्रा से आपको अपने परिवार से दूर रहना पड़ सकता है। आज आपकी परिस्थितियों में बदलाव होगा।

तुला: आज आपका दिन बहुत बढिय़ा रहने वाला हैं। समय का पूरा सदुपयोग करें। आज दूसरों को जितना ज्यादा महत्व देंगे, आपको भी उतना ही महत्व मिलेगा। आज पुश्तैनी जमीन-जायदाद से जुड़ा काम सुलझ सकता है।

वृश्चिक: आज आप का दिन नई उमंगो के साथ शुरू होने वाला है। माताएं अपने बच्चों को कुछ नया सिखाएंगी, जिससे बच्चों में नए विचार आएंगे। आज परिवार के कुछ जरूरी काम होंगे। आज किसी से फोन पर लम्बी बात हो सकती है।

धनु: आज आपके दिन की शुरुआत आपके अनुकूल होने वाली है। आज आप वर्किंग प्लेस पर खूब मेहनत करेंगे। आपको कई जिम्मेदारियां मिल सकती है, जिन्हें आप अच्छी तरह से निभायेंगे।

मकर: आज आपका दिन खुशनुमा बना रहेगा। कार्यक्षेत्र में जो भी रुकावटें आएंगी, उनसे आप कुछ सीख सकते हैं, ऐसे ही आपको आगे बढऩे के नए मौके मिलेंगे। बिजनेस में अच्छे से काम को करने पर आपको फायदा होगा।

कुंभ: आज आपका दिन बढिय़ा गुजरेगा। किसी काम को पूरा करने के लिए शार्टकट तरीके अपनाने से बचें। निश्चित ही काम थोड़े विलम्ब से ही लेकिन पूरे हो जाएंगे। इस राशि के बिजनेसमैन के बिजनेस में बढ़ोतरी होगी।

मीन: आज आपका दिन फेवरेबल रहेगा। ऑफिस में आज का दिन ठीक रहेगा। साथ ही कोई कलीग आपके काम में हेल्प करेंगे। आज किसी के बहकावे में न आये और अपने काम के प्रति सतर्क रहें।

कीवी में होता है भरपूर मात्रा विटामिन

आज हम जिस फल के बारे में बात करने जा रहे हैं वह स्वाद और गुण दोनों में काफी ज्यादा फायदेमंद है. इसके कई सारे फायदे हैं लेकिन इसके गुण सुनेंगे तो आप कभी भी इसे खाना नहीं भूलेंगे. यह अपने खट्टे-मीठे स्वाद के कारण बच्चे से लेकर बूढ़े तक सभी को काफी ज्यादा पसंद आता है. इस फल का नाम कीवी है.

कीवी मुख्य रूप से विदेश से आयात किया जाता था. लेकिन अब इसकी खेती भारत में ही की जाती है. आज इस आर्टिकल में हम कीवी खाने के फायदे के बारे में बात करेंगे. जो स्वास्थ्य के लिए काफी ज्यादा फायदेमंद है.

कीवी में भरपूर मात्रा विटामिन होता है

कीवी खाने से शरीर को एनर्जी मिलती है. सिर्फ इतना ही नहीं ब्लड सर्कुलेशन बहुत अच्छा होता है. शरीर में जोड़ों के दर्द और दूसरे अंगों में होने वाली दर्द भी ठीक हो जाती है. कीवी खाने से आंखों को काफी ज्यादा फायदेमंद होता है. इससे आंखों की रोशनी बढ़ती है.इससे भरपूर मात्रा में विटामिन मिलता है.

कीवी में होता है ये भरपूर गुण

कीवी में मैग्नीशियम, पोटाशियम और विटामिन ए भरपूर मात्रा में पाया जाता है. कीवी में विटामिन 6 और आयरन काफी ज्यादा भरपूर मात्रा में मिलता है. इसे खाने से कमजोरी दूर हो जाती है. साथ ही अगर किसी व्यक्ति के शरीर में खून की कमी है तो कीवी के खाने से दूर हो जाती है. कई लोगों के साथ ऐसा होता है थोड़ी सी चोट लगने के बाद शरीर काला पड़ जाता है. ऐसे में यह स्थिति आयरन की कमी को दर्शाता है. कीवी खाने से इस तरह की परेशानियां दूर हो जाती है.

कीवी इन विटामिन से भरपूर है

कीवी बेहद पौष्टिक फ्रूट है. इसमें विटामिन ए, बी, सी,के और विटामिन बी 6 पाया जाता है. इतना ही नही इसमें ढेर सारा फाइबर, जिंक, फास्फोरस और मैग्नीशियम भी पाया जाता है जो शरीर को मजबूत बनाने के लिए बेहद जरूरी कहे जाते हैं. कीवी में पाए जाने वाले एंटी ऑक्सिडेंट शरीर में फ्री रेडिकल्स को बढऩे से रोकते हैं जिससे कई बीमारियां दूर रहती हैं.

बदलते मौसम में जब बीमारी के चलते शरीर में प्लेटलेट्स कम हो जाते हैं तो कीवी फल का सेवन बहुत कारगर साबित होता है.

शब्द सामर्थ्य- 160

बाएं से दाएं

1. जल छिड़कना, राजा के सिंहासन रोहन का अनुष्ठान 4. मवाद, पीब (अं) 6. जाति 7. हाथ से धीरे-धीरे ठोंकना, थपकना 9. कमल रोग से ग्रसित व्यक्ति (उ.) 11. किरण 12. छौंक, तड़का 13. दुखदायी, दर्दनाक 15. विवाद, कहासुनी, तकरार 18. समूह, दल, समुदाय 19. दण्ड 20. काजल 22. अनाथ, निराश्रित, यतीम 24. दुख, शोक 25. एक प्रसिद्ध सफेद पक्षी, वक 26. राज्य का विदेश में प्रतिनिधि।

ऊपर से नीचे

1. विचित्र, अद्भूत 2. अंदर ही अंदर हानि पहुंचाना 3. वचन, वाणी 4. गुमराह, जो रास्ते से भटक गया हो 5. मुलायम सिंह की पार्टी का संक्षिप्त नाम 8. ब्रह्मापुत्र एक प्रसिद्ध देवर्षि 10. कार्यावली, करस्तानी, प्रशंसनीय कार्य 13. दासी, नौकरानी, बांदी, गुलाम स्त्री 14. प्रवृत्त करने वाला, प्रेरित करने वाला, आविष्कारक 16. श्रीकृष्ण के बड़े भाई, हलधर 17. सामान (उ.) 21. संसार, दुनिया 22. समय, चमेली की जाति का एक पौधा और फूल 23. पराजित, परास्त।



शब्द सामर्थ्य क्रमांक 159 का हल

दि	क्क	त	■	आ	सा	न	■	आ
ल	■	मी	■	खि	■	सी	ख	ना
■	म	ज	बू	र	■	ह	■	जा
स	र्द	■	■	का	■	त	रा	ना
र	■	■	■	र	वि	■	ह	■
प	ह	ना	ना	■	ना	रा	ज	■
ट	■	■	क	शि	श	■	नी	ला
■	र	■	■	का	■	रा	■	य
खा	ति	र	दा	री	■	त	क्ष	क

सू-दोकू- 160

		3					7	
9				6		3		8
	7		9		5		6	
						1		9
3		8		7			5	
	1		3		9			7
		2		8		7		
	8				2		4	3
			1					

नियम

1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गों का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक र सकते है।
3. बाएं से दाएं और उपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

सू-दोकू क्र.159 का हल

5	2	4	9	6	7	8	1	3
3	6	7	4	1	8	2	9	5
8	1	9	3	2	5	4	6	7
6	3	5	1	9	4	7	2	8
7	9	8	5	3	2	6	4	1
2	4	1	7	8	6	5	3	9
4	5	3	6	7	9	1	8	2
9	8	6	2	5	1	3	7	4
1	7	2	8	4	3	9	5	6